◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

CHHATTISGARH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 04 नवम्बर 2026

अपराध

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार



मो र-मितान अभियान के तहत बीट आरक्षक की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

कांकेर/अंतागढ़। शादी का प्रलोभन देकर युवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाने के मामले में अंतागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल बघेल (23 वर्ष) को 24 घंटे से कम समय में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम हिन्दुबिनापाल (कदमपारा) निवासी आरोपी के खिलाफ पीड़िता की शिकायत पर थाना अंतागढ़ में अपराध क्रमांक 68/2026, धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी फरार हो गया था।

पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान 'मोर-मितान' कांकेर पुलिस अभियान के तहत बीट आरक्षक लोकेश्वरी गावड़े को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष बंछोर, एसडीओपी संतोष जैन के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक कोमल भूषण पटेल सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

— Devendra Kumar पोया

जीटीबी कॉलेज की डायरेक्टर पलक जायसवाल की अपील, लोकल बाजार से करें खरीदारी और मरीजों-वृद्धों का रखें ध्यान,



लोकेशन बिलासपुर छत्तीसगढ़ संवाददाता रवि तिवारी

जीटीबी कॉलेज की डायरेक्टर पलक जायसवाल की अपील, लोकल बाजार से करें खरीदारी और मरीजों-वृद्धों का रखें ध्यान,

दीपावली खुशियों और रोशनी का पर्व है। त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में रौनक है और घरों में रंगाई-पुताई का दौर शुरू हो गया है। इस बीच जीटीबी कॉलेज की डायरेक्टर पलक जायसवाल ने शहरवासियों से दीपावली पर स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने और जरूरतमंद लोगों की खुशियों का ध्यान रखने की अपील की है।

पलक जायसवाल ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के बजाय सड़क किनारे दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों और स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदें, ताकि वे भी अच्छी तरह दीपावली मना सकें और उनके घरों में भी खुशियों के दीप जल सकें।

उन्होंने शहरवासियों से यह भी आग्रह किया कि वृद्धाश्रम, अस्पताल और थाने के आसपास तेज आवाज वाले पटाखे न जलाएं। ऐसे स्थानों पर पटाखों का शोर मरीजों, बुजुर्गों और अन्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

अंत में उन्होंने सभी शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारे और संवेदनशीलता के साथ मनाएं, ताकि हर किसी की दीपावली खुशहाल बन सके।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

अपराध

कांकेर में पुरानी रंजिश पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, सूचीबद्ध गुंडा-बदमाश गिरफ्तार



कांकेर। उत्तर बस्तर कांकेर में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। पुरानी बातों को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त किया है।

पुलिस के मुताबिक, 2 नवंबर की रात करीब 11 बजे संजयनगर निवासी आयुष आनंद का अनमोल सारथी के साथ पुरानी बातों को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज और मारपीट करते हुए युवक के पेट और कमर पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 389/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी अनमोल सारथी (21 वर्ष), निवासी महादेव वार्ड कांकेर को भण्डारीपारा से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हमले में चाकू का इस्तेमाल करना स्वीकार किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी थाने का सूचीबद्ध गुंडा-बदमाश है और उसके खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र साहू सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

— Devendra Kumar पोया

खेल

चारामा में बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ, 17,707 खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह



कांकेर जिले के चारामा में बस्तर ओलंपिक 2026-27 का भव्य शुभारंभ हुआ। शहीद वीर नारायण सिंह मिनी स्टेडियम में आयोजित इस खेल महाकुंभ में कुल 17 हजार 707 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। खास बात यह रही कि खिलाड़ियों की संख्या में बालिकाएं और महिलाएं पुरुषों से आगे रहीं।

पहले दिन जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स सहित कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। तेज धूप और गर्मी के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर मुख्य अतिथि और नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज अध्यक्षता में मौजूद रहे।

हालांकि, खेल प्रतिभाओं को मंच देने वाले इस आयोजन के बीच चारामा के मिनी स्टेडियम की बदहाल स्थिति भी सामने आई। खिलाड़ियों के लिए शौचालय, पेयजल, बैठक और प्रकाश जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। अब स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार की मांग उठाई है।

वहीं, ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को लगातार अवसर देने के लिए बंद पड़ी स्कूली खेल प्रतियोगिताओं को दोबारा शुरू करने की मांग भी की गई है।

— Devendra Kumar पोया

स्थानीय

राज्योत्सव 2026 में नया रायपुर में राज्यपाल एवं मंत्री की उपस्थिति



राज्यपाल श्री रमेन डेका और संस्कृति व पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आज नया रायपुर, अटल नगर में आयोजित राज्योत्सव 2026 के कार्यक्रम में भाग लिया।

विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू और श्री अनुज शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की 26 वर्षों की विकास यात्रा, उपलब्धियों और परंपराओं को प्रदर्शित करते हुए राज्य के सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक सौंदर्य को रेखांकित किया गया।

राज्योत्सव 2026 ने बदलते छत्तीसगढ़ की झलक पेश की, जो विकसित प्रदेश के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य की नई पहचान को उजागर करता है।

— Pranav Gaur, रायपुर

सरकारी योजना

महतारी वंदन योजना की 33वीं किस्त आज जारी

महतारी वंदन योजना के तहत आज 33वीं किस्त का वितरण किया जाएगा।


यह किस्त लाभार्थियों को आज ही वितरित की जाएगी, जिससे योजना के लक्षित महिलाओं

दीपावली के पावन पर्व से पहले सरकार की ओर से मिलने वाली इस आर्थिक सहायता से प्रदेश की लाखों महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

— Munendra Kumar Bisen, दुर्ग

स्थानीय

गौरेला पेंड्रा मरवाही में गौरवशाली लमना की गौरा नृत्य टीम को राज्योत्सव दिवस पर शील्ड व 10,000 रुपये का चेक



छत्तीसगढ़ राज्योत्सव दिवस के उपलक्ष्य में गौरेला पेंड्रा मरवाही में आयोजित कार्यक्रम में गौरवशाली लमना की गौरा नृत्य टीम ने भाग लिया। इस टीम का नेतृत्व कैलाश सोनी जी ने किया था और उन्होंने मंच पर पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के समापन पर जिला पंचायत के सीईओ मुकेश जी ने टीम को शील्ड और 10,000 रुपये का चेक प्रदान किया। यह सम्मान टीम की उत्कृष्ट प्रस्तुति और सांस्कृतिक योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया।

सीईओ मुकेश जी ने उपस्थित सभी को राज्य उत्सव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और स्थानीय कलाकारों के समर्पण की सराहना की। इस पहल से क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद जताई गई।

— Dewaan Singh

संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर बिलासपुर में कलश यात्रा सम्पन्न



कलश यात्रा कार्यक्रम 02-11-2026, सोमवार को बिलासपुर में आयोजित हुआ, जिसमें संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यात्रा करबला से शुरू होकर सुदर्शन मोहल्ला, गांधी चौक, जुना बिलासपुर, कोदु चौक और अहिरवार मोहल्ले से होकर संत रविदास मंदिर में समाप्त हुई, जहाँ प्रसाद वितरण किया गया।

उपस्थित अतिथियों में बिलासपुर नगर पालिका निगम की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री दीपक सिंह ठाकुर, सभापति संगठन प्रभारी श्री विनोद सोनी, मंडल अध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा, देवेंद्र पाठक, महामंत्री श्री श्रीकांत सहारे, महामंत्री श्री दीपक साहू, रंगा नादम, आशीष गुप्ता, योगेश बोले, राकेश सिंह ठाकुर, अजीत मिश्रा, प्रेम रायकर, विष्णु देवांगन, विक्की यादव, तुषार मंडे, कान्हा तिवारी, नलिन दनके और अहिरवार समाज के सभी सदस्य शामिल थे।

यात्रा के दौरान प्रत्येक स्थान पर स्वागत किया गया और कार्यक्रम को सभी की सक्रिय भागीदारी से सफल बनाया गया।

— शत्रुघन चौधरी, बिलासपुर

स्थानीय

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का धूमधाम से आयोजन



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 2 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की स्थापना के स्मरणार्थ नागरिकों को एकजुट करना और विभागीय योजनाओं की जानकारी देना था।

मुख्य अतिथि तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के पुण्य स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्य के निर्माता के योगदान पर प्रकाश डाला।

राज्योत्सव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आकर्षक स्टॉल लगाए गए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जनमन पत्रिका की भी सराहना की गई।

कार्यक्रम में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला कलेक्टर विजय दयाराम, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव नगर पालिका पेंड्रा अध्यक्ष राकेश जलन जी नगर पालिका गौरेलाअध्यक्ष मुकेश दुबे जी नगर पंचायत मरवाही अध्यक्ष मधु गुप्ता जी जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर जी और अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने समस्त अतिथियों एवं जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

— Dewaan Singh

बिलासपुर में पुलिस परेड ग्राउंड पर राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव 2026 का आयोजन



आज पुलिस परेड ग्राउंड बिलासपुर में राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव 2026 कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हुई और इसमें राज्य के प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ परेड भी शामिल थी।

माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी ने कार्यक्रम में भाग लेकर राज्य के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और नागरिकों से आह्वान किया कि वे मिलकर राज्य के समृद्ध भविष्य के लिए योगदान दें।


इस उत्सव का उद्देश्य राज्य के इतिहास, संस्कृति और विकास को समर्पित करना था, तथा नागरिकों में गर्व और एकजुटता की भावना जगाना था।

पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित यह कार्यक्रम राज्य के नागरिकों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर साबित हुआ, और सभी ने मिलकर राज्य के गौरवशाली इतिहास को सम्मानित किया।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

प्रेम संबंध के संदेह में मुख्य आरोपी ने नाबालिक बालिका की गला दबाकर हत्या, दोनों को जेल में दाखिल



प्रेम संबंध और दूसरे युवक से बातचीत की शंका के कारण मुख्य आरोपी ने नाबालिक बालिका की गला दबाकर हत्या कर दी, यह तथ्य पुलिस ने स्थापित किया है।

हत्या के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और उन्हें न्यायिक हिरासत में ले लिया।

जांच के बाद दोनों आरोपी को अदालत ने जेल में दाखिल करने का आदेश दिया, जिससे पीड़िता के परिवार को कुछ हद तक न्याय मिला।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

धारदार हथियार लेकर सार्वजनिक स्थान में लोगों को डराने वाले आरोपी को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया

दुर्ग पुलिस ने आज सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई आर्म्स एक्ट के तहत की गई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कई बार सार्वजनिक स्थल में धारीदार चाकू व अन्य तेज़ हथियार लेकर लोगों को भयभीत किया, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हुआ।

जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर स्थानीय थाने में हिरासत में रखा गया और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए अदालत को सौंपा गया।

रोकने के लिए वे सतर्कता बढ़ाएंगे और नागरिकों को भी ऐसे मामलों की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया।

— Santosh Kumar Peswani, दुर्ग

स्थानीय

बिलासपुर के निजी अस्पताल में लोरमी निवासी दिनेश साहू ने पिता गोपी राम साहू की सेहत की जानकारी ली



बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में लोरमी निवासी श्री दिनेश साहू ने अपने पिताजी, श्री गोपी राम साहू, से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान उन्होंने पिता की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

श्री दिनेश साहू ने पिता को कुशलसेम की शुभकामनाएँ देते हुए इस बात की आशा व्यक्त की कि उनका स्वास्थ्य शीघ्र ही सुधर जाएगा।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

हिरी थाने में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 7 व्यक्तियों को हिरासत में

हिरी थाने के पुलिस अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप पर त्वरित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इस कार्रवाई में सात व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किए गए।


पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का उद्देश्य आगे की किसी भी अवैध गतिविधि को रोकना और शासकीय कार्यों की सुगमता सुनिश्चित करना था। इस दौरान सभी सात व्यक्तियों को उनके अधिकारों के अनुसार सूचना दी गई।

हिरी पुलिस ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि सार्वजनिक व्यवस्था और सरकारी कार्यों में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

स्थानीय

बस स्टैंड के पास मोड़ पर पीछे वाली गाड़ी ने सामने वाली गाड़ी से टक्कर मार दी



बस स्टैंड के पास मोड़ पर दो वाहन टकराए, जिसमें पीछे वाली गाड़ी ने सामने वाली गाड़ी को टक्कर मार दी।

टक्कर के कारण दोनों वाहनों को क्षति हुई और उस स्थान पर ट्रैफ़िक बाधित हो गया।

स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

मामूली विवाद में चाकू से हमला करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार



पुलिस ने दो सगे भाइयों को मामूली विवाद के चलते चाकू से किए गए हमले के लिए गिरफ्तार किया।

घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और संदिग्धों को हिरासत में ले लिया।

जांच के परिणामस्वरूप दोनों को अपराधी ठहराते हुए न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

तीन तस्कर अवैध नशीली टैबलेट्स के साथ गिरफ्तार, 1,17,440 रुपये का मशरूका जप्त



पुलिस ने आज तीन व्यक्तियों को अवैध नशीली टैबलेट्स के साथ पकड़े जाने के बाद गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई स्थानीय अपराध नियंत्रण इकाई द्वारा की गई, जिसमें तस्करों को नशा पदार्थों की तस्करी के आरोप में हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तारी के दौरान अधिकारियों ने 1,17,440 रुपये मूल्य का मशरूका भी बरामद किया। यह मशरूका संभवतः तस्करियों द्वारा नशीली दवाओं को छिपाने के लिये उपयोग किया जाता था।

जांच के प्रारम्भिक चरण में यह स्पष्ट हुआ कि तस्कर इस प्रकार के पदार्थों को बड़े पैमाने पर वितरित करने की योजना बना रहे थे। अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी, तथा तस्करों को भारतीय दंड संहिता के तहत सख्त दंड का सामना करना पड़ेगा।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

सौरभ चंद्राकर को ओमान से लाकर रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा



महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत लाया गया है और उन्हें रायपुर के कोर्ट में पेश किया जाएगा।

प्रवर्तन एजेंसियों ने ओमान से उनके प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

वर्तमान में मामले की सुनवाई के लिए न्यायालय ने तिथि निर्धारित की है, जिसमें सट्टा ऐप के संचालन और संबंधित अपराधों की जांच की जाएगी।

प्रवर्तन एजेंसियों ने बताया कि इस कार्रवाई से सट्टा संबंधी अवैध गतिविधियों को रोकने में मदद मिलेगी।

— Santosh Kumar Peswani, रायपुर

छुईखदान थाने में जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 16 आरोपी गिरफ्तार



छुईखदान थाने के पुलिस अधिकारियों ने जुआरियों के खिलाफ एक व्यापक कार्रवाई की, जिसमें कुल 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई स्थानीय स्तर पर चल रहे जुए के प्रचलन को रोकने के उद्देश्य से की गई।

पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी कर जुए से संबंधित उपकरण और धनराशि जब्त की, तथा संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को उनके जुर्म के आधार पर आगे की जांच के लिए रख दिया गया।

जांच के बाद, आरोपी व्यक्तियों को स्थानीय न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहाँ से आगे की कानूनी कार्यवाही निर्धारित की जाएगी। इस कदम से जुए के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश दिया गया है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

नौकरी

कांकेर में बस्तर फाइटर के सिर्फ 125 पद, भड़के अभ्यर्थी



कांकेर। बस्तर फाइटर भर्ती में कांकेर जिले के लिए मात्र 125 पद निर्धारित किए जाने से अभ्यर्थियों में नाराजगी है। पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों युवाओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

अभ्यर्थियों का कहना है कि मिशन रक्षक के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवा भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन पदों की कम संख्या के कारण युवाओं को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि बस्तर संभाग के अन्य जिलों की तुलना में कांकेर को कम पद मिले हैं।

युवाओं ने मांग की है कि कांकेर जिले में बस्तर फाइटर के पदों की संख्या बढ़ाई जाए। यदि पद बढ़ाना संभव नहीं है, तो सभी जिलों में समान रूप से पद निर्धारित किए जाएं। इसके साथ ही ऐसी व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है, जिससे बस्तर संभाग के अभ्यर्थी संभाग के किसी भी जिले से भर्ती के लिए आवेदन कर सकें।

अभ्यर्थियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए भर्ती में जिले के युवाओं को उचित अवसर देने की अपील की है।

— Devendra Kumar पोया

अपराध

कांकेर से लापता नाबालिग धमतरी में मिली, दुष्कर्म के आरोप में 25 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार!



कांकेर पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। स्कूल जाने के लिए घर से निकली बालिका जब वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

साइबर सेल की तकनीकी मदद से पुलिस ने धमतरी जिले के ग्राम सरईटोला से बालिका को सकुशल बरामद किया। मामले में आरोपी अर्जुन ध्रुवा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

कांकेर सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई।

— Devendra Kumar पोया

टंडवा–हजारीबाग सड़क पर हाइवा का कब्जा: जाम से राहत की मांग



टंडवा–हजारीबाग मुख्य सड़क पर चट्टी बरियातू कोल खदान से कोयला ढुलाई के लिए उपयोग हो रहे हाइवा वाहनों के कारण रोजाना भयंकर जाम हो रहा है।


इस जाम के कारण छोटे वाहन, एम्बुलेंस और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं दिख रही और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से जनता में गहरा आक्रोश उभरा है।

आवश्यक है कि जिला प्रशासन, कोल प्रबंधन और जनप्रतिनिधि मिलकर यातायात व्यवस्था लागू करें ताकि कोयला ढुलाई और आम आवागमन दोनों सुगम हों।

— Akash Bharti

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जराबहटा मंदिर चौक में बच्चों की सुंदर मिनी झांकी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर आज जराबहटा मंदिर चौक में बच्चों ने एक सुंदर मिनी झांकी का आयोजन किया।

झांकी में विभिन्न रंग-बिरंगे सजावट, पेंटिंग और छोटे मॉडल शामिल थे, जिन्हें स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने तैयार किया था। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए दर्शकों को आकर्षित किया।

और बच्चों के उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशंसा स्वर में शब्द कहे। यह आयोजन राज्य के सांस्कृतिक धरोहर को सुदृढ़ करने और युवा वर्ग में राष्ट्रीय भावना को जाग्रत करने का उद्देश्य रखता है।

— Santosh Kumar Peswani

अपराध

कबीरधाम में अवैध गांजा रखने व बेचने वाले आरोपी को थाने ने न्यायालय में पेश किया



थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में पुलिस ने एक घर में अवैध रूप से गांजा संग्रहीत कर उसे बेचने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया।

जांच के दौरान मिली सामग्री और गवाहियों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ साक्ष्य इकट्ठा कर उचित कार्रवाई की।

जहाँ अभियोजन पक्ष ने अवैध गांजा रखने और बिक्री के प्रमाण प्रस्तुत किए।

अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की नशीली द्रव्यों की तस्करी को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने हेतु जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

मामले की सुनवाई आगे जारी रहेगी।

— Santosh Kumar Peswani

नैला के दुर्गा पंडाल से चोरी हुई बाइक के दो आरोपी तिल्दा, रायपुर से गिरफ्तार



नैला उपथाना पुलिस ने बताया कि दुर्गा पंडाल से चोरी हुई मोटरसाइकिल की जाँच के दौरान दो संदिग्धों को तिल्दा, रायपुर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद चोरी की बाइक को बरामद कर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी।

पुलिस ने कहा कि चोरी की सूचना मिलने पर तुरंत जांच शुरू की गई और संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई की गई।

जुर्माने की प्रक्रिया जारी है और मामले की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

— Santosh Kumar Peswani